दिन– रविवार

दिनांक– 19/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत प्रखर वैज्ञानिकों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। श्री मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ अठारहवीं कड़ी में अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। श्री मोदी ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कार्यरत बैंगलुरू के स्टार्ट–अप पिक्सल की प्रशंसा की जिसने देश के पहले निजी उपग्रह पुंज–फायरफ्लाई का सफल प्रक्षेपण किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सफलता आत्म–निर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष में उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता के संबंध में कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा चौथा

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की भी अग्रिम शुभकामना दी है। उन्होंने कहा कि संविधान लागू होने की 75वीं वर्षगांठ होने के कारण इस वर्ष के गणतंत्र दिवस का विशेष महत्व है। श्री मोदी ने बाबा साहेब आम्बेडकर, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन किया। उन्होंने कहा कि देशवासियों को इन महान नेताओं के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने पच्चीस जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व की भी चर्चा की। देश में निर्वाचन आयोग की स्थापना इसी दिन हुई थी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने संविधान में चुनाव आयोग और लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी को बहुत बड़ा स्थान दिया है और निर्वाचन आयोग की भूमिका और योगदान प्रशंसनीय रहा है। श्री मोदी ने देश में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग की प्रतिबद्धता और मतदान–प्रक्रिया को आधुनिक बनाने के लिए तकनीक के उपयोग की प्रशंसा की।

उत्तरप्रदेश में प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता–समरसता का एक असाधारण संगम है। उन्होंने कहा कि कुंभ विविधता में

एकता का उत्सव है और इस बार संगम पर जनसैलाब उमड़ पड़ा है। श्री मोदी ने कहा कि कुंभ के दौरान अमीर–गरीब सब एक होकर संगम में डुबकी लगाते हैं और इस प्रकार यह एकता का महाकुंभ है। श्री मोदी ने कहा कि कुंभ में युवाओं की व्यापक भागीदारी हो रही है और जब युवा पीढी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है, तो उसकी जड़ें और मजबूत होती हैं।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में स्टार्ट–अप इंडिया कार्यक्रम के नौ वर्ष पूरा होने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है और आधे से अधिक स्टार्ट–अप दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से संचालित हो रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन, गैर–नवीकरणीय ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्टार्ट–अप सामने आए हैं।

———————————————————————

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान भी श्रद्धालुओं ने आकाशवाणी से प्रसारित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। यह कार्यक्रम लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रसारित किया गया। इधर, पटना स्थित बिहार प्रदेश भाजपा मुख्यालय में भी मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

———————————————————————

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन कल से शुरू हो रहा है। इस सम्मेलन का उद्घाटन लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला करेंगे। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि उदघाटन समारोह विधान मंडल के सेंट्रल हॉल में आयोजित होगा, जबकि पूर्ण सत्र विधानसभा के भीतर होगा, जिसकी अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का विषय है– संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधायी निकायों का योगदान। इधर, पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन से पहले देश के विभिन्न विधानमंडलों के सचिवों की इकसठवीं बैठक आज शाम पटना में होगी। इसका उद्घाटन लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह करेंगे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के बहादुरपुर क्षेत्र में पूर्व मंत्री और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्वभिमान दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित महाराणा प्रताप स्मृति समारोह में भी भाग लिया।

———————————————————————

समाप्त